## महत्वपूर्ण एवं खास

### सूने मकान से नगदी 40 हजार व लेपटाप पार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के टिकरापारा थाना क्षेत्र के अयोध्या नगर मठपुरैना में एक सूने मकान से अज्ञात चोर ने नगदी 40 हजार रूपये एवं एक लेपटाप चोरी कर ले गया। घटना की रिपोर्ट अब्दुल रासीद 32 वर्ष ने थाने में दर्ज कराई है। उसके अनुसार अज्ञात आरोपी ने उसके छोटे भाई अब्दुल राकीब के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नगदी 40 हजार रूपये एवं 20 हजार रूपये कीमत का एक लेपटाप चोरी कर ले गया। घटना 30 जुलाई की रात 11 बजे से 31 जुलाई के तड़के 5 बजे के मध्य की है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### 3 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गंज थाना पुलिस ने 31 जुलाई को शहर के फाफाडीह चौक के आगे बिलासपुर रोड पर ओवरब्रिज के पास राजन राम पिता हीरालाल 24 वर्ष को गांजा के साथ पकड़ा। आरोपी के पास से एक बैग बरामद किया गया, जिसमें 3 किलो 200 ग्राम गांजा रखा हुआ था। जब्त गांजा की कीमत 6 हजार 200 रूपये है। पुलिस आरोपी के खिलाफ नार्कोटिक्स 20 बी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### लोन दिलाने के नाम पर छात्रा से 31 हजार की ठगी

» फाइनेंस कंपनी के एक व्यक्ति के खिलाफ 420 का प्रकरण दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शिक्षा के लिए एक छात्रा को लोन दिलाने के नाम पर उससे 31 हजार रूपये की ठगी करने वाली ऑनलाईन बंधन फाइनेंस कंपनी के एक व्यक्ति के खिलाफ गुढ़ियारी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मछली तालाब के पास गुढ़ियारी की रहने वाली प्रार्थियां अंजली मिश्रा पिता अशोक मिश्रा 23 वर्षीय ने अपनी पढ़ाई के लिए ऑनलाईन बंधन फाइनेंस कंपनी से संपर्क किया। कंपनी की ओर से राजेश नामक व्यक्ति ने छात्रा से बातचीत की और उसे आसानी से लोन दिलाने की बात कहीं। छात्रा भी राजेश की बातों में आ गई और उसके द्वारा मांगे गए दस्तावेज पेन कार्ड, आधार कार्ड, मार्कशीट, बैंक पास बुक की प्रतिलिपि वॉट्सप के जरिए उसे भेजा। साथ ही राजेश द्वारा बताए गए फाइनेंस कंपनी के बैंक खाता में नगदी 31 हजार 200 रूपये जमा भी कराए। लेकिन इसके बाद न ही छात्रा का लोन पास हुआ और ना ही उसके दिए पैसे वापस हुए। इसके बाद छात्रा ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध मामले को जांच में लिया है।

### ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के मरवाही के पास सड़क में एक अधेड़ की मौत हो गयी,टीआई प्रदीप आर्या ने जानकारी देते हुए बताया की मरवाही के ग्राम टिकथि बरतोला में रहने वाला सतोष झरिया पिता मनबोध झरिया 55 साल साइकिल से कही जा रहा था,इसी बीच ट्रक नम्बर सीजी 16, 2405 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक चलाकर टक्कर मार दिया,हादसा इतना जबरदस्त था कि अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गयी।वही घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुँची और ट्रक को जब्त का चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया।बताया जा रहा है कि इस सड़क मार्ग में हादसा होते रहता है और इसकी सबसे बड़ी वजह है ट्रक चालकों के लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना, बहरहाल हादसे के बाद आसपास के लोगो की भीड़ लग गयी थी।

### सूने मकान से 50 हजार की चोरी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बोधघाट थाना क्षेत्र के ओरना कैम्प निवासी अतिश साहा के मकान में चोरों ने नगदी सहित कीमती जेवरात पार कर दिया। एक लाख रूपए नगद सहित तीन लाख रूपए की चोरी हुई है। चोरों ने इसी रात नजदीक स्थित स्कूल में चोरी करने का प्रयास किया था।पुलिस के मुताबिक आतिश साहा का पूरा परिवार दुख में शामिल होने दंतेवाड़ा गए थे। इस दौरान घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसका फायदा उठाकर चोरों ने मकान में प्रवेश किया और यहां अलमारी में मौजूद नगदी सहित सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

# मुख्यमंत्री निवास पर बिखरी हरेली तिहार की सतरंगी छटा



» मुख्यमंत्री स्वयं सजे-धजे बैलगाड़ी पर सवार होकर मंत्री और विधायक के साथ हरेली यात्रा में शामिल हुए
» मुख्यमंत्री ने कृषि उपकरणों की पूजा की, सावन के झूले पर बैठे और गेड़ी भी चलायी
» मुख्यमंत्री निवास से साक्षरता तिराहे तक अदभूत, अकल्पनीय और अभूतपूर्व दृश्य, चारों ओर हरेली का उल्लास और उमंग



**रायपुर (आरएनएस)।** पूरे प्रदेश में जहां सावन के फुहारों की बयार बह रही है, वहीं इस बार हरेली पर्व के उत्साह और उमंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति की सतरंगी छटा अपने पूरे चटख के साथ मुख्यमंत्री निवास से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और गांव-गांव तक दिखाई दे रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास भी हरेली के पारंपरिक पर्व की इंद्रधनुषी छटा से सराबोर है। छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों, लोक नर्तकों, लोक गायकों ने इस रंग को और अधिक मधुरता से भर दिया है। लगभग पांच सौ लोक नर्तकों ने पारंपरिक वेशभूषा में वाद्य यंत्रों एवं साज सज्जा के साथ गेड़ी, बैलगाड़ी के साथ यात्रा की । छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना के साथ 'अरपा पैरी के धार' जैसे सुमधुर गीतों, झांझर, मांदर और गुदुम बाजा के साथ हरेली गीत भी गाये गए। लोक नर्तक दलों ने गेड़ी , करमा, सुआ ,राउत नाचा ,पंथी नृत्य और गौरी -गौरा नृत्य प्रस्तुत किए। भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास में आज सबसे पहले उनसे मिलने स्कूलों से आये नन्हें बच्चों से मुलाकात की और उनसे न केवल हरेली की शुभकामनाएं ली, बल्कि उन्हें हरेली की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ के उत्साह भरे पारंपरिक खेलों के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास में कृषि यंत्रों नागर, कुदाली, फावड़ा, गैती आदि की विधि-विधान से पूजा कर हरेली जोहार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हरेली यात्रा के माध्यम से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने मंत्री मंडल के सदस्य श्री ताम्रध्वज साहू और श्री कवासी लखमा तथा विधायक सत्यनारायण शर्मा के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक रूप से सजे-धजे बैलगाड़ी पर सवार होकर मुख्यमंत्री निवास से निकलकर गांधी उद्यान तिराहे और फिर साक्षरता तिराहा पहुंचें। उन्होंने यहां उपस्थित नागरिकों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने हरेली यात्रा का शुभारंभ हल उठाकर किया। हरेली यात्रा के सामने जहां छत्तीसगढ़ी महतारी ने बैलगाड़ी पर सवारी की वहीं मुख्यमंत्री के बैलगाड़ी के बाद बैलगाड़ियों का कारवा निकला, जिसमें यहां के लोककलाकार भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री ने हरेली की पूजा के बाद सावन झूले में बहनों से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री श्री कवासी लखमा और विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा के साथ सावन के झूले का आनंद भी लिया।

## हरेली पर मुख्यमंत्री ने अपेक्स बैंक की प्रथम मोबाईल एटीएम वैन किसानों को समर्पित की

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज हरेली के अवसर पर सवेरे यहां अपने निवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के किसानों को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) की प्रथम मोबाईल ए.टी.एम. वैन समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने मोबाईल ए.टी.एम वैन का उद्घाटन किया और झंडी दिखाकर मोबाईल वैन को रवाना किया। उन्होंने इस ए.टी.एम. के संचालन की प्रक्रिया का अवलोकन भी किया।

अपेक्स बैंक द्वारा विशेष रूप से रायगढ़ एवं जशपुर जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में इस मोबाईल ए.टी.एम. वैन का उपयोग किया जाएगा। यह वैन इन क्षेत्रों के हाट बाजारों और सोसायटी में पहुंचेगी और इसके माध्यम से मोबाईल ए.टी.एम. के द्वारा किसी भी बैंक के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड धारकों द्वारा अपनी आवश्यकता के अनुरूप राशि निकाल सकेंगे।



इस मोबाईल वैन का लाभ बड़ी संख्या में ऐसे ग्रामीण और कृषक उठा सकेंगे जहां किसी भी बैंक का ए.टी.एम. उपलब्ध नहीं है। इस मोबाईल ए.टी.एम. के माध्यम से कोई भी उपभोक्ता वित्तीय एवं गैर वित्तीय ट्रांजेक्शन कर सकेंगे।

इस अवसर पर विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा, पंजीयक सहकारी संस्थाएं श्री धनंजय देवांगन, अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री एच.के.नागदेव, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सहित अपेक्स बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

सहकारी बैकों में वर्तमान में बैकों की शाखा स्तर पर 70 ए.टी.एम. एवं 1333 माइक्रो ए.टी.एम. भी संचालित हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के किसान अपने खाते से राशि का आहरण कर लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

मोबाईल ए.टी.एम. वैन हेतु राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के द्वारा वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत सहायता प्रदान की गई है।

## कई नगरीय निकायों में बदले आयुक्त

### » 18 अधिकारी, कर्मचारी हुए इधर से उधर

**भिलाइ-दुर्ग (आरएनएस)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विाकस विभाग ने प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में पदस्थ 18 अफसरों की नई पदस्थापना सूची जारी की है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से जारी आदेशानुसार कृष्ण दुबे ननि आयुक्त कोरबा को संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं वि.क्षे. कार्यालय दुर्ग, नेतराम चंद्राकर आयुक्त ननि जगदलपुर को जोन कमिश्नर नगर निगम रायपुर, एके हलदार आयुक्त नगर निगम धमतरी को स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम रायपुर, रमेश जायसवाल आयुक्त ननि रायगढ़ को नपा महासमुंद, सुनील अग्रहरि आयुक्त ननि दुर्ग को जोन आयुक्त जोन 2 भिलाई, श्रीमती ज्योत्सना टोप्पो आयुक्त ननि चिरमिरी को नपा परिषद बैकुंठपुर, मनोज सिंह आयुक्त ननि अंबिकापुर को नपा जांजगीर-चांपा, महेंद्र कुमार पाठक आयुक्त ननि भिलाइ-चरौदा को नपा कुम्हारी, एसके सुंदरानी आयुक्त ननि भिलाई को महाप्रबंधक तकनीकी रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, श्रीमती प्रीति सिंह नपा महासमुंद को जोन कमिश्नर नगर निगम भिलाई, राकेश शर्मा, नपा बैकुंठपुर से नपं लेदरी, संजय दुबे नपं लेदरी को राजस्व निरीक्षण ननि चिरमिरी, प्रवेश कश्यप नपा कटघोरा से नपं मारो, श्रीमती मधुलिका सिंह नपं मारो को नगर पंचायत सारागांव, राजेश पात्रे नपं सारागांव को नगर पालिका परिषद कुम्हारी तथा राजेश गुप्ता नगर पालिका परिषद मुंगेली को नगर पालिका परिषद भाटापारा पदस्थ किया गया है।

## मां के हत्यारे कलयुगी बेटे को आजीवन कारावास

**जगदलपुर (आरएनएस)।** मां की हत्या के आरोपी का दोष सिद्ध पाकर बस्तर की एक सत्र अदालत ने बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। अभियोजन के मुताबिक धुरागांव के ठेठापारा में पत्नी कलावती और बच्ची जयमती के साथ आरोपी जगत मारपीट कर रहा था। विवाद सुनकर उसकी मां रमली बाई वहां पहुंची और बीच-बचाव करने लगी।

इस बीच आरोपी का उसकी मां से विवाद बढ़ गया और आवेश में आकर आरोपी जगत ने अपनी मां पर बांस के कांवड़ के लट्ठे से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे उसके सिर, पेट और पीठ में गंभीर सांघातिक चोटें पहुंची। कुछ ही देर में मौके पर ही रमली बाई की सांसे थम गई। हादसे से घबराई तुलावती कमरे में छिप गई, लेकिन उसने पूरा वाकया अपनी आंखों से दखा। अगली सुबह उसने गांव के कोटवार सहित पड़ोसियों को पूरे घटना का वृतांत बताया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को रमली बाई का रक्त रंजित शव बरामद हुआ। विव्दान सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुमन एक्का ने प्रकरण से जुड़े गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी जगत को भादंसं की धारा 302 के तहत अपनी मां की हत्या का आरोपी पाते हुए आजीवन कारावास सुनाया। इसके अलावा 500 रूपए का अर्थदंड भी आरोपी को चुकता करना होगा।

## राज्यपाल ने हरेली पर्व पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके ने हरेली पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल उइके ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि हरेली पर्व का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व है। इस अवसर पर कृषि उपकरणों सहित कृषि कार्य में सहयोग करने वाले पशुओं की पूजा-अर्चना कर हरियाली और अच्छे फसल की कामना की जाती है। यह त्यौहार समाज को प्रकृति के प्रति प्रेम और उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। राज्यपाल ने इस अवसर पर कृषक समुदाय सहित सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है।

## जल प्रपातों की बहार देखने उमड़ रहे हैं सैलानी



**जगदलपुर (आरएनएस)।** पिछले दिनों हुई लगातार वर्षा से पूरे संभाग में नदी नालों व अन्य जल स्त्रोंतों में लबालब पानी भर गया है और जल प्रपातों में फिर से यौवन की स्थिति बन गई है। इन जल प्रपातों की सुषमा और बहार इस समय सबसे ऊंचे शिखर पर है। इस बहार को देखने पर्यटक इन स्थानों पर भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। संभागीय मुख्यालय के पास स्थित बस्तर के प्रसिद्ध जल प्रपात चित्रकोट और तीरथगढ़ में भारी संख्या में सैलानियों की भीड़ प्रति दिन पहुंच रही हैं।

उल्लेखनीय है कि पूरे संभाग भर में गत सप्ताह के सातों दिनों में वर्षा की स्थिति रही और अंतिम तीन दिनों में होने वाली वर्षा की झड़ी से लोग अपने घरों में एक ओर जहां कैद होकर रह गये वहीं दूसरी ओर नदी नालों में पानी इतना भरा की बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई। चित्रकोट जल प्रपात और तीरथगढ़ में इसी वर्ष ग्रीष्मकाल में पानी की कमी के कारण इनके अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया था। लेकिन अब इनका हुई वर्षा से यौवन लौट आया है। पूरे शबाब के साथ इन जल प्रपातों को देखने के लिए लोग इसी लिए पूरे संभाग में अपने पास स्थित जल प्रपातों को देखने के लिए उमड़ रहे हैं। आवश्यकता इस बात की है कि इन स्थानों पर प्रशासन को सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था करना चाहिए जो कुछ स्थानों पर नहीं दिखाई दे रही है।

## शेरशाह में शहीद विक्रम बत्रा का किरदार निभाएंगे सिद्धार्थ

भारत ने शुक्रवार को कारगिल विजय के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाया. बेहतरीन मौका देख अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कप्तान विक्रम बत्रा को याद करते हुए कहा कि वह उनकी बायोपिक शेरशाह में उनके किरदार के साथ पूरा न्याय कर शहीद के परिवार को खुश करना चाहते हैं.

कप्तान विक्रम बत्रा ने साल 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्र की रक्षा करते हुए अपनी जिंदगी को राष्ट्रसेवा में लगा दी. उनकी बहादुरी की वजह से उन्हें शेरशाह कहा जाता था.



कारगिल युद्ध के इस नायक को उनके शहीद होने के बाद परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, जो भारत का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है. सिद्धार्थ के लिए उनके किरदार को निभाना कोई आसान काम नहीं है, क्योंकि सिद्धार्थ को ऐसा लगता है कि उनके कंधे पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है.

सिद्धार्थ ने कहा, पर्दे पर उनके शौर्य को दिखाना रोचक से कहीं अधिक बड़ी जिम्मेदारी है. उन्होंने हमारे वतन के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, इसलिए मैं इस परियोजना को यूं ही नहीं ले सकता.

उन्होंने कहा, मैं उनके माता-पिता और उनके भाई से मिला, वे भावनात्मक तौर पर उनसे काफी ज्यादा जुड़े हुए हैं. मुझे उम्मीद है कि मैं उन्हें निराश नहीं करूंगा. व्यवसायिक पहलू के अलावा मुझे उम्मीद है कि हम एक ऐसी फिल्म बनाए जो मिस्टर बत्रा के शौर्य के साथ न्याय कर सके और आखिरकार जो उनके परिवार को खुश कर सके.

## फ्रिज में भूलकर भी न रखें ये चीजें, हो जाती हैं खराब

अक्सर लोग अपने बिजी शेड्यूल के चलते बाजार से हफ्तेभर की सब्जियां खरीद लाते हैं और फिर उन्हें सीधा फ्रिज में रख देते हैं. कई बार ये सब्जियां लंबे समय तक यूं ही फ्रिज में रखी रह जाती है, लेकिन आप शायद इस बात से अंजान होंगे कि बहुत सी चीजें ऐसी भी होती हैं जिन्हें फ्रिज में रखना आपके लिए एक बड़ी भूल साबित हो सकता है. सिर्फ इतना ही नहीं इन चीजों को फ्रिज में रखने से आपकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है. तो आइए जानते हैं उन चीजों के बारे में जिन्हें फ्रिज में रखना एवॉइड करना चाहिए.

**ब्रेड–** आपको यह जानकर बड़ी हैरानी होगी कि ब्रेड को कभी भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि फ्रिज में रखने से इसका स्वाद बिलकुल बदल जाता है. यह भले ही आपने पहले कभी नोटिस न किया हो मगर आप इसे एकबार ध्यान में रखकर आजमाकर जरूर देखें. बताना चाहेंगे कि फ्रिज में रखे ब्रैड आपकी सेहत को भी भारी नुकसान पहुंचाते हैं.

**टमाटर–** बाजार से खरीदकर लाए गए टमाटर कभी फ्रिज में नहीं रखने चाहिए. आपको शायद ही यह बात मालूम होगी कि टमाटर को फ्रिज में रखने से इनके अंदर की झिल्ली टूट जाती है. इस वजह से टमाटर जल्दी गलने लगता है.

**कॉफी–** भूलकर भी कभी कॉफी को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए. अगर आपने ऐसा किया तो यह फ्रिज में रखी दूसरी सभी चीजों की महक सोख लेती है और इस कारण से बाकी की चीजें भी जल्दी खराब हो जाती है.

**केला–** फ्रूट्स में केला एक ऐसा फल है जिसे भूलकर भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए. अगर एक तरोताजा केला भी आप फ्रिज में रख देंगे तो यह कुछ ही घंटों में काला पड़ने लगता है और उसके बाद जो होता है वो आप सोच भी नहीं सकते. दरअसल फ्रिज में रखे केले से ईथाइलीन नामक गैस निकलती है जिससे ये अपने आसपास रखे फलों को भी खराब कर देता है.

**शहद–** शहद को कभी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए. इसे आप सामान्य तौर पर ही जार में बंद करके रख देंगे तो वो भी वो सालो-साल चलेगा. फ्रिज में रखने से वो क्रिस्टल बन जाता है और उसे जार से निकालना मुश्किल हो जाता है. ऐसे में शहद गुणकारी नहीं रह पाता.



**आलू–** आलू को फ्रिज में रखने से इसका स्टार्च शुगर में तब्दील हो जाता है, जो सेहत को काफी नुकसान पहुंचाता है. इससे उसके स्वाद पर भी असर पड़ता है.

**तरबूज-** तरबूज को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए. फ्रिज में रखे तरबूज से पौष्टिक गुण खत्म हो जाते हैं.